RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 113 • 06:05:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## पंजाब में चलती रेलगाड़ी से अलग हुआ इंजन

● 3 किमी दूर पहुंचा, अर्चना एक्सप्रेस के साथ बड़ा हादसा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में एक बार फिर रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है। लुधियाना के खन्ना में पटरी पर दौड़ रही अर्चना एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग हो गया और करीब तीन किलोमीटर तक दौड़ता रहा। ट्रैक पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचाया और ड्राइवर को इसकी जानकारी दी। इसके



बाद ड्राइवर ने इंजन बंद कर दिया और इंजन को बोगियों से जोड़ा। इस दौरान बड़ा हादसा टला। गनीमत रही कि जिस ट्रैक पर बोगियां खड़ी थी, उस पर उस समय कोई दूसरी ट्रेन नहीं आई, वर्ना हजारों यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती थी। ट्रेन में दो से ढाई हजार यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 12355/56 अर्चना एक्सप्रेस पटना से जम्मू जा रही थी। सरहिंद जंक्शन पर गाड़ी का इंजन बदला गया। इसके बाद खन्ना में इंजन खुल गया और करीब तीन किलोमीटर तक अकेला ही दौड़ता रहा। यह हादसा आज सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर हुआ। ट्रैक पर काम कर रहे की-मैन ने शोर मचा कर ड्राइवर को इसकी जानकारी दी। ड्राइवर ने इंजन बंद कर दिया।

## संजय राउत ने पहले मेरे पीछे जासूस लगाए अब धमका रहे

● मुंबई के पात्रा चॉल मनी लॉन्ड्रिंग केस में बोलीं स्वप्ना पाटकर

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के पात्रा चॉल घोटाले में मुख्य गवाह स्वप्ना पाटकर ने शिवसेना नेता संजय राउत पर धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने विधान



परिषद की उपाध्यक्ष को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि वे उनके परिवार को परेशान कर रहे हैं। पाटकर ने यह भी बताया कि पहले राउत ने उनके पीछे जासूस लगाए अब उन्हें परेशान कर रहे हैं। 1034 करोड़ के इस घोटाले की जांच ईडी कर रही है। स्वप्ना पाटकर मुंबई के पात्रा चॉल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्य गवाह हैं।

## गुजरात में वोटिंग से पहले बीजेपी को मिली बड़ी राहत

● क्षत्रिय आंदोलन के बीच स्वामीनारायण ने दिया समर्थन

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में क्षत्रिय समाज के आंदोलन और बॉयकॉट के ऐलानों के बीच बड़ी राहत मिली है। राज्य में पाटीदार समुदाय की तरह प्रभावशाली स्वामी नारायण संप्रदाय ने बीजेपी को समर्थन दिया है। अहमदाबाद में स्थिति संप्रदाय के पहले स्वामीनारायण मंदिर कालुपुर की तरफ से एक बयान जारी करके सामाजिक-राजनीतिक मतभेदों या मनभेदों को दूर रखकर पीएम नरेंद्र मोदी को समर्थन देने का ऐलान किया गया है। इसमें कहा गया है कि सात मई को बीजेपी के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करें। स्वामीनारायण संप्रदाय का गुजरात में व्यापक प्रभाव है। संप्रदाय के पहले मंदिर की तरफ से ऐसे वक्त पर यह समर्थन दिया गया है जब राज्य में क्षत्रियों की नाराजगी ने पार्टी की चिंता बढ़ाई हुई है।

# नासा ने दिखाई सौरमंडल के ग्रहों की शानदार तस्वीरें

### हर कोई हो रहा हैरान, असली-नकली में खा जाएंगे धोखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया पर हमारे सौरमंडल के ग्रहों की नई तस्वीरें पोस्ट की है। शनि, मंगल और पृथ्वी के अलावा पेरिडिया ग्रह की भी तस्वीरें हैं। नासा ने अपनी पोस्ट में बताया कि पेरिडिया ग्रह हमारे सौर मंडल के ग्रह शनि की तरह काफी हद तक दिखता है। दोनों ग्रह में काफी समानताएं हैं। हालांकि नासा की सोशल मीडिया पोस्ट पर लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कई लोग नासा की इन तस्वीरों को असली मानने से इनकार कर रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि नासा ये तस्वीरें फोटोशॉप लगती हैं। नासा ने अपनी हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में पेरिडिया, शनि, मंगल और पृथ्वी की शानदार तस्वीरें डाली हैं। नासा द्वारा पोस्ट की गई ये तस्वीरें बेहद शानदार और भव्य नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में, नासा ने लिखा कि हमारा सौर मंडल बहुत समय पहले यहीं एक आकाशगंगा में बना था। हालांकि हमारे सौरमंडल के ग्रहों की तरह पेरिडिया ग्रह में भी कई समानताएं हैं। नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा, पेरिडिया हमारे सौर मंडल के सबसे भव्य दिखने वाले ग्रह शनि की तरह दिख रहा है। शनि का रंग भूरा दिखाई दे रहा है। इसके इर्द-गिर्द छल्ले भूरे रंग के हैं और काले स्थान से घिरे हुए हैं। नासा ने अपनी पोस्ट में लिखा है- मंगल ग्रह में टीलों, पहाड़ों और मैदानों के साथ सूखी लाल रंग की जमीन दिख रही है।

हालांकि नासा द्वारा पोस्ट की नई तस्वीरों ने इंटरनेट यूजर्स को हैरान कर दिया है। लोगों की कई प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। एक ने कमेंट किया है, हमारी पृथ्वी सबसे सुंदर है। एक अन्य ने लिखा, शनि पर जीवन बेहतर दिख रहा है। एक यूजर ने लिखा, शनि। तुम सुन्दर दिख रहे हो। एक यूजर ने कहा, शनि की अब तक दिखी तस्वीरों में इस बार यह ग्रह सबसे सुंदर दिख रहा है।



# सुनसान हुए रास्ते, 'लू' ने किया घरों में कैद

### 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट, एमपी-यूपी में तापमान 42 डिग्री के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ समेत देश के 7 राज्यों में रविवार को हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,

● **तेलंगाना, ओडिशा व कर्नाटक में टेम्परेचर 45 डिग्री तक पहुंचा**

कर्नाटक और तेलंगाना शामिल हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में दो दिन बाद लू का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र में तापमान 42 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। वहीं, तेलंगाना, ओडिशा और कर्नाटक में टेम्परेचर 45 डिग्री तक पहुंचा। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। देश में कई शहरों में बीते कुछ दिनों से हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। इस बार हीटवेव के दिन भी अधिक हैं। एक रिसर्च में दावा किया गया है कि लगातार हीटवेव बनी रहने से जान का खतरा बढ़ जाता है। स्वीडन के इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंटल मेडिसिन, नई दिल्ली के सेंटर फॉर क्रॉनिक डिसीज कंट्रोल, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की रिसर्च के मुताबिक, हीटवेव लगातार 2 दिन से अधिक समय तक बनी रहती है, तो मौतों में 14.7 फीसदी तक का इजाफा होता है। इस रिसर्च के लिए देश के 10 शहरों में 2008 से 2019 के बीच सभी कारणों से होने वाली मौतों और सैटेलाइट से औसत तापमान का डेटा लिया गया। इससे पता चला है कि सालाना हुई करीब 1,116 मौतों का संबंध हीटवेव से था। घर के बाहर काम करने के घंटे घटने से 2030 तक भारत को 20 लाख करोड़ या जीडीपी का 4.5 फीसदी का नुकसान हो सकता है।



# सध गया 'जाति' संतुलन यूपी में फायदे में भाजपा

**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्र में सरकार बनाने के लिए लिए हर दल के लिए सबसे अहम राज्य उत्तर प्रदेश ही है। यहां लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं। इसलिए सभी दल यूपी के समीकरण को दुरुस्त करके ही मैदान में उतरना चाहती है। यही वजह है कि एक-दूसरे की अक्सर खिलाफत करने वाली कांग्रेस और सपा ने अंतिम मौके पर गठबंधन किया। बीजेपी की बात करें तो लोकसभा चुनावों में बड़ा लक्ष्य

● **अलग-अलग लड़ रही सपा-बसपा ने और आसान की राह**

राज्य उत्तर प्रदेश में अभी तक की सबसे बड़ी जीत की तैयारी कर रखी है। पार्टी ने उम्मीदवार तय करने में सभी सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों को साधा है और मजबूत गठबंधन भी तैयार किया है। राज्य की 80 सीटों में भाजपा खुद 75 सीटों पर पांच सीटों पर सहयोगी रालोद (तीन) व अपना दल (दो) सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश के अपने सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए 34 सीटों पर ही सामान्य वर्ग के उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि ओबीसी समुदाय से 25 व अनुसूचित जाति से 16 उम्मीदवार है। इनमें भी जातीय समीकरणों को ध्यान में रखा गया है। पार्टी ने राजपूत व ब्राह्मण वर्ग से बराबर बराबर 13-13 उम्मीदवार उतारे हैं। ओबीसी में भी सबसे ज्यादा छह कुर्मी, चार लोध, तीन जाट व तीन निषाद व अन्य समुदाय शामिल किए गए हैं। दलित वर्ग में सबसे ज्यादा छह पासी, तीन खटीक वर्ग से उम्मीदवार उतारे गए हैं। सूत्रों के अनुसार भाजपा की रणनीति राज्य के सभी प्रमुख समुदायों को साधने की है। इसके अलावा




जो समुदाय पूरी तरह से उसके खिलाफ ही जाने हैं उनको पार्टी ने दूर रखा है। यहां से एक भी मुसलमान को टिकट नहीं दिया गया है। अल्पसंख्यकों में एक सिख व एक पारसी समुदाय से है। भाजपा ने राज्य में अपने गठबंधन को भी मजबूत किया है। उसके साथ रालोद, अपना दल, सुभासपा व निषाद पार्टी हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस व सपा का इंडिया गठबंधन है। बसपा अलग चुनाव लड़ रही है। सूत्रों के अनुसार इस बार कई सीटों पर बसपा हार जीत में बड़ा फैक्टर हो सकती है।

# घाटी में वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला

### एक जवान शहीद, पांच घायल, सेना ने डाला घेरा

**पुंछ (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक वाहन सहित सुरक्षाबलों के काफिले पर गोलीबारी की। इस हमले में एक जवान शहीद हो गया और पांच घायल है। अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला शाम को शशिधर के पास हुआ जब सुरक्षाबलों के वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहे थे। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है, उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को इलाके में भेजा गया है और आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है। सूत्रों ने कहा कि बंदूकधारी आतंकवादियों ने सरकारी स्कूल के पास एमईएस और आईएएफ वाहन पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। अनंतनाग-राजौरी-पुंछ लोकसभा क्षेत्र में गोलीबारी हुई है, जहां चुनाव आयोग द्वारा मतदान पुनर्निर्धारित किया गया है। अब 25 मई को मतदान होगा।



## भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ जवान ने की सुसाइड

### ड्यूटी के दौरान पेड़ से लटक कर दे दी अपनी जान, जांच शुरू

**जैसलमेर (एजेंसी)।** जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के एक जवान ने रविवार को सुसाइड कर ली। जैसलमेर से 140 किलोमीटर दूर भारत-पाक सीमा पर स्थित बबलियान वाला पोस्ट के परिसर में एक पेड़ से फंदा लगाकर जवान ने जान दे दी है। सूचना पर बीएसएफ के अधिकारी और तनोट थाना पुलिस मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। दरअसल भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर बबलीयानवाला पोस्ट पर तैनात बीएसएफ जवान मुकंदा डेका (57) ने रविवार को सोसाइड कर ली। मृतक जवान मुकंदा डेका दोरांग, आसाम का निवासी था। और बीएसएफ में बबलियान पोस्ट पर कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात था। मुकंदा के आत्महत्या करने की जानकारी मिलने पर अन्य जवानों ने एयरफोर्स के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मौके का जायजा लेने के बाद बीएसएफ अधिकारियों ने तनोट पुलिस थाना को इसकी सूचना दी। इस पर तनोट पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि बबलियानवाला सीमा चौकी स्थित परिसर में एक पेड़ से फंदा लगाकर रविवार को सुबह जवान ने खुदकुशी की है। कुछ जवान जब सुबह परिसर में निकले तो पेड़ से लटकते कांस्टेबल को देखा तो उनके होश उड़ गए। हालांकि अभी तक खुदकुशी के कारणों को लेकर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने कुछ भी जानकारी नहीं दी है। जांच के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल तनोट थाना पुलिस मौके पर है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।



## सेक्स स्कैंडल पीड़ितों को आर्थिक मदद देगी सिद्धा सरकार

● कांग्रेस बोली-पीएम बताएं प्रज्वल रेवन्ना का सच क्यों छिपाया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक कांग्रेस ने रविवार को ऐलान किया कि वह हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल की पीड़ित महिलाओं का आर्थिक मदद देगी। कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम शिवकुमार की मौजूदगी में यह घोषणा की। सुरजेवाला ने बेलगावी में मीडिया से चर्चा के दौरान पीएम मोदी और अमित शाह से 10 सवाल भी पूछे। जिसमें उन्होंने ये आरोप लगाया कि पीएम प्रज्वल का सच जानते थे, फिर भी उन्होंने सच छिपाया।



### जल संकट!

## सबसे ज्यादा बारिश वाले मेघालय से रूठ गए 'मेघ'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर भारत के पर्वतीय राज्य मेघालय के लू की चपेट में आने के कारण राज्य में पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है। यह हाल तब है जब दुनिया में सबसे ज्यादा बारिश वाली जगह सोहरा इसी राज्य में है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल

● **भीषण जलसंकट के दौर से गुजर रहा राज्य, हर ओर पानी की किल्लत**

की अंधाधुंध कटाई और बारिश के पानी के संरक्षण की नीति सही ढंग से लागू नहीं होने के कारण ही राज्य को इस संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के प्रतिकूल असर ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। मेघालय बीते कई दिनों से लू की चपेट में हैं। राज्य के कई इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। खासकर राजधानी शिलांग और दूसरे सबसे बड़े शहर तूरा में ज्यादातर झरनों और झीलों के सूख जाने के कारण पीने के पानी की समस्या गंभीर हो गई है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने बुधवार को एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई थी। पूर्वोत्तर में जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की पहल भूजल में भारी कमी राज्य के पीएचई मंत्री मारक्यूस एन. मराक ने बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा था कि भूजल का स्तर तेजी से घट रहा है और झरनों और झीलों जैसे प्राकृतिक संसाधन सूख रहे हैं। अकेले तूरा में पानी का स्तर 20 फीसदी कम हो गया है। उन्होंने डीडब्ल्यू से बातचीत में कहा, यह समस्या ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी है। ऐसे में हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। अगर एक महीने के भीतर बारिश नहीं हुई तो परिस्थिति बेहद गंभीर हो जाएगी।



## पाकिस्तान की औकात नहीं कि हमारे चुनाव में दखल दे सके

● बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस से संबंधों पर राहुल को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पाकिस्तान के साथ कांग्रेस के संबंधों का आरोप लगाते हुए खूब भड़के हैं। उनसे जब पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के बयान को लेकर पूछा गया कि क्या पाकिस्तान भारत के चुनाव को प्रभावित कर रहा है। इसके जवाब में राजनाथ ने तल्ख अंदाज में कहा कि पाकिस्तान की इतनी औकात नहीं है कि वह भारत के चुनाव में दखल दे सके। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आग से खेलने का भी आरोप लगाया।



## संक्षिप्त समाचार

### लूट के बाद बदमाशों ने की रिटायर महिला प्रधानाध्यापक की हत्या

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के असरगंज थाना क्षेत्र के रहमतपुर बासा गांव में घर में अकेले रह रही रिटायर प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी की बदमाशों ने हत्या कर दी। हत्या के पहले पहले बदमाशों ने लूटपाट की है। यह घटना गुरुवार की देर रात की है। महिला के 2 पुत्र हैं इनमें से एक भागलपुर और दूसरा देवघर में रहते हैं। सुबह विक्रमपुर गांव के एक लोग महिला की बेटी के कहने पर शिक्षिका का हालचाल लेने पहुंचे। जब वे लोग घर के अंदर पहुंचे तो शिक्षिका का शव दिखा। कमरे में गोदरेज सहित अन्य सामान बिखरा था। शिक्षिका के पति मुरलीधर उपाध्याय की मौत भी 1980 में गोली लगने से हो गई थी। महिला मध्य विद्यालय गोपी स्कूल में प्रधानाध्यापिका के पद से सेवानिवृत हुई थी। घटना की सूचना पर पुलिस तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर सिंह सहित कई थाने की पुलिस पहुंची। तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने बताया की बदमाशों ने शिक्षिका की हत्या पैर-हाथ बांध कर की है। घर में समान बिखरा मिला है। भागलपुर से फारसेंसिक टीम पहुंच रही है। साथ ही उनके दोनों बेटे को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### ट्रक की ठोकर से युवक की मौत

**मुजफ्फरपुर।, एजेंसी।** एनएच 77 पर कोरलहिया गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार सुबह करीब नौ बजे ट्रक की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान स्व. चंदेश्वर राय के पुत्र दीपू कुमार राय (26) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि ठोकर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया था। स्थानीय लोगों की मदद से उसे मेडिकल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दीपू के भाई अजीत कुमार ने मेडिकल ओपी में बयान दर्ज कराया है। ओपी प्रभारी ललन पासवान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### 1003 फेरा और लगाएंगी पूमरे की समर स्पेशल ट्रेनें

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और गर्मियों के दौरान रेल यात्रा में अपेक्षित वृद्धि के मद्देनजर भारतीय रेल समर स्पेशल ट्रेनों के रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है। इसमें पूमरे क्षेत्राधिकारी से ट्रेनें 1003 फेरा दक्षिण, पश्चिम व उत्तर भारत का लगाएंगी। इसके लिए ट्रेनों का परिचालन मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर, जयनगर, बरौनी सहित सूबे के अन्य स्टेशनों से होगा। अब तक करीब पांच सौ से अधिक ट्रेनों का फेरा विभिन्न जगहों के लिए लग चुका है। वर्ष 2023 की गर्मियों की तुलना में यह करीब 40 फीसदी अधिक है। प्रमुख रेल मार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने और देशभर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों के परिचालन का मास्टरप्लान रेलवे ने तैयार किया है। पूमरे ने गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी की है। रेलवे के अधिकारी ने बताया कि रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी चैनलों से इनपुट लिए जाते हैं। इस आवश्यकता के आधार पर ट्रेनों की संख्या और फेरों की संख्या बढ़ाई जाती है। पूरे सीजन के लिए न तो ट्रेनों की संख्या और न ही अतिरिक्त ट्रेनों द्वारा संचालित फेरों की संख्या स्थिर रहती है।

### आरपीएफ के हेड कांस्टेबल की मौत मामले में विभागीय जांच शुरू

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वलसाड-मुजफ्फरपुर श्रमिक एक्सप्रेस में अग्निशमन यंत्र के विस्फोट से आरपीएफ के हेड कांस्टेबल विनोद कुमार की मौत मामले की विभागीय जांच शनिवार से शुरू हो गयी। बरौनी के सहायक कमांडेंट जीएस सलोनी ने मुजफ्फरपुर आकर जांच की। साथ ही घटना के दिन जिन एजेंसियों ने जांच की थी, उनसे घटना की जानकारी ली। जिला अग्निशमन पदाधिकारी, आरएफएसएल की टीम और आरपीएफ के पदाधिकारी व जवानों का बयान दर्ज किया। शनिवार को सहायक कमांडेंट ने पूरे दिन मुजफ्फरपुर पोस्ट पर विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी की। मालूम हो कि, 22 अप्रैल को मुजफ्फरपुर के प्लेटफॉर्म पांच पर खड़ी वलसाड-मुजफ्फरपुर श्रमिक एक्सप्रेस में सुबह आग लगी थी। हेड कॉस्टेबल विनोद कुमार ने अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने का प्रयास किया।

# मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह पैरोल पर जेल से बाहर आए

# बोले- ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे: समर्थकों से जमकर मतदान करने को कहा

**, पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार सुबह पैरोल पर जेल से बाहर आ गए हैं। उन्हें 15 दिन की पैरोल मिली है। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने दावा किया कि मुंगेर से एनडीए प्रत्याशी और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से जोरदार वोट करने को भी कहा है।

बता दें कि एके-47 रखने के केस में पूर्व विधायक को 10 साल की सजा पटना की बेऊर जेल में काट रहे हैं। आज सुबह करीब 4.45 बजे वो जेल से बाहर निकले। जहां उनके समर्थकों की भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। जेल के बाहर आने पर अनंत सिंह का समर्थकों ने स्वागत किया है। बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे और जेसीबी से फूलों की बारिश की।

समर्थक शेरे बिहार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पटना से लेकर मोकामा के बीच भी कई जगहों पर स्वागत किया गया। बता दें कि मुंगेर लोकसभा सीट पर 13 मई को होने वाली वोटिंग से पहले अनंत सिंह जेल से बाहर आए हैं। ऐसे वक्त में उनका जेल से बाहर आना बेहद अहम माना जा रहा है।



### जमीन बंटवारे को लेकर मिली पैरोल

पारिवारिक बंटवारे को लेकर अनंत सिंह ने कोर्ट से पैरोल मांगी थी। 5 साल में पहली बार उन्हें पैरोल मिली है। अनंत सिंह के बाहर आने के दौरान जेल के बाहर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अनंत सिंह की पत्नी नीलम सिंह वर्तमान में मोकामा से विधायक हैं और फिलहाल एनडीए के साथ हैं।

### मुंगेर चुनाव से पहले छोटे सरकार बाहर

अनंत सिंह को उनके इलाके में लोग छोटे सरकार के नाम से जानते हैं। वो कभी नीतीश कुमार के बेहद खास हुआ करते थे। बाद में राजनीतिक कारणों से सीएम से दूर होते चले गए और लालू यादव के करीबी हो गए लेकिन अब एक बार फिर अनंत सिंह एनडीए के पाले में हैं। माना जा रहा है कि अनंत सिंह भले ही खुले तौर पर चुनाव प्रचार ना भी करें, तब भी वह अपने स्तर से जेडीयू के लोकसभा उम्मीदवार और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को फायदा पहुंचा सकते हैं। मुंगेर में चौथे चरण में वोटिंग होनी है।

### 5 बार विधायक रह चुके हैं अनंत सिंह

अनंत सिंह मोकामा 5 बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है। 2005 में विधानसभा चुनाव से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। अनंत सिंह किसी जमाने में सीएम नीतीश कुमार के बेहद करीबी थे। लेकिन बाद में संबंधों में खटास आ गई। अब जदयू से दुबारा संबंध ठीक हो गया है। यही वजह है कि उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से विधायक है, जो हाल में जदयू के साथ आ गई है।

### 14 दिन पहले बिगड़ी थी तबीयत

करीब 14 दिन पहले अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें किडनी से संबंधित समस्या के बाद पटना के आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया था कि अनंत सिंह को किडनी से जुड़ी समस्या है। उनका क्रिएटिनिन लेवल भी बढ़ा हुआ है। इससे पहले भी अनंत सिंह को करीब एक साल पहले पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उसे समय उन्हें सांस लेने की समस्याएं से जूझ रहे थे। साथ ही उन्हें शरीर में दर्द और उल्टियां हो रही थी। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें भर्ती कराया गया था।

### राजद के पूर्व विधायक की पत्नी अब जेडीयू के साथ

अनंत सिंह की विधायकी खत्म होने के बाद उपचुनाव में उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से ताल ठोंकी और वो वहां जीत भी गईं। लेकिन हाल ही में बिहार में हुए सत्ता परिवर्तन के दौरान नीलम सिंह ने पाला बदल लिया। वो राजद का साथ छोड़कर जदयू का साथ देने लगीं। फिलहाल मुंगेर से जदयू के लोकसभा कैंडिडेट ललन सिंह के लिए वो प्रचार प्रसार कर रही हैं।

### 10 साल सजा के बाद रद्द हुई थी सदस्यता

मोकामा से आरजेडी विधायक रहे अनंत सिंह पर प्रतिबंधित हथियारत्र-47 रखने का आरोप साबित होने के बाद उन्हें कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। जिसके बाद वह पटना के बेउर जेल में बंद है। साथी इसके बाद उनके पटना स्थित सरकारी आवास पर इंसास राइफल, मैगजीन और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद होने के मामले में भी वे दोषी पाए गए थे। आपराधिक मामलों होने के बाद जुलाई 2022 में अनंत सिंह की सदस्यता भी रद्द कर गई थी।

## लालू खानदान नहीं चाहता कि देश का प्रधानमंत्री हिंदू हो-सम्राट चौधरी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में चुनावी माहौल के बीच हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा जोर पकड़ रहा है। अब डिप्टी सीएम एवं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि लालू खानदान नहीं चाहता कि देश का प्रधानमंत्री हिंदू हो। उन्होंने दावा किया कि जब तक नरेंद्र मोदी जिंदा हैं, भारत को जिन्ना का मुल्क नहीं बनने देंगे। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने भी दरभंगा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरजेडी एवं कांग्रेस पर मुस्लिमों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की मंशा के आरोप लगाए। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल से लालू परिवार पर निशाना साधते हुए पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा कि लालू परिवार नहीं चाहते कि देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और सेना प्रमुख हिंदू हो। एक दौर था कि आतंकी प्रधानमंत्री को भी उड़ा देते थे और अब यह दौर है जब वही आतंकवादी भारत के नाम से डरते हैं। मोदी हैं तो इंडी गठबंधन के नेता भी सुरक्षित हैं। लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी लगातार आरजेडी एवं कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप लगा रही है। दरभंगा में शनिवार को बीजेपी की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे से मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है। आंबेडकर और यहां तक कि जवाहरलाल नेहरू ने धर्म के आधार पर आरक्षण की बात का विरोध किया था। मगर अब कांग्रेस उन्हीं की पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रही है।

## सदर अस्पताल के अधीक्षक से स्पष्टीकरण जांच में कई बिंदुओं पर मिली खामियां

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर अस्पताल में गभर्वती महिला के ऑपरेशन को मूर्च्छक के नहीं होने का हवाल देकर रद्द करने के मामले की जांच रिपोर्ट सीएस व डीआरडीओ के निदेशक ने डीएम को सौंप दी है। इसमें कई बिंदुओं पर खामियां सामने आई हैं। इसके अलोक में डीएम सुब्रत कुमार सेन ने सदर अस्पताल के अधीक्षक बाबू साहेब झा से स्पष्टीकरण की मांग की है। बताया जाता है कि डीएम इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा भी कर सकते हैं। घटना के प्रकाश में आने के बाद डीएम ने मामले में संज्ञान लिया था। इसकी जांच के लिए सिविल सर्जन और डीआरडीओ के निदेशक को मिलाकर एक कमेटी बनाई थी। दोनों अधिकारियों ने जांच की। मामले में अधीक्षक के अलावा मूर्च्छक और तीनों महिला चिकित्सक पर भी कार्रवाई हो सकती है। जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि 27 अप्रैल को एक गर्भवती महिला का ऑपरेशन होना था। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। उस दिन इमरजेंसी ओटी के रोस्टर के अनुसार डॉ. स्वर्णिम स्वाति और डॉ. सुषमा आलोक की ड्यूटी थी। लेकिन, दोनों ओटी में नहीं थीं। उनकी जगह डॉ. रेखा कुमारी ड्यूटी पर थीं। उन्होंने मूर्च्छक डॉ. निगम चौधरी की अनुपस्थिति में ऑपरेशन करने से इंकार कर दिया और महिला को रेफर कर दिया। जांच कमेटी ने इसे गंभीर लापरवाही माना है। कहा है कि मरीज के उपचार में उदासीनता और असंवेदनशीलता बरती गई है। इससे मरीज की जान को भी खतरा हो सकता था।



## तीसरे चरण से पहले तेजस्वी की चुनावी रैलियों का शतक; नीतीश के 40 चुनावी कार्यक्रम, पीएम मोदी की 7 सभाएं

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के शंखनाद के साथ 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। बिहार में सात चरणों में चुनाव होने हैं। दो चरणों के चुनाव हो चुके हैं और तीसरा चरण 7 मई को संपन्न होने जा रहा है। 16 मार्च से शुरू हुआ यह चुनावी संग्राम 4 जून को परिणाम घोषित होने के साथ समाप्त हो जाएगा। 81 दिनों के चुनावी रण में 50 दिन यानी आधा से अधिक समय बीत गए हैं। इस दौरान सभी पार्टियों के स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ सभाएं, रोड-शो और जन संपर्क अभियान जारी है। इसमें अब तक भाजपा के सबसे अधिक स्टार प्रचारक मैदान में मोर्चा संभाले हुए हैं।

प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, गृह राज्य मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, रक्षा मंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य प्रमुख नेता शामिल हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अब तक 34 सभाएं और 6 रोड-शो यानी दोनों को मिलाकर 50 दिन में 40 कार्यक्रम हो चुके हैं। मुख्यमंत्री इस चुनाव में पहली बार बड़ी संख्या में रोड शो कर रहे हैं। दूसरी तरफ, महागठबंधन की तरफ से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अकेले सर्वाधिक सभाएं करने वाले नेता हैं। वे अब तक शतक लगा चुके हैं। शनिवार को इनकी 101 सभाएं पूरी हुई। सभी दलों के स्टार प्रचारकों की फेहरिस्त में शतक लगाने वाले वे पहले नेता हैं। तेजस्वी के साथ सबसे ज्यादा खासकर हेलीकॉप्टर के माध्यम से की जाने वाली सभाओं में वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी रहे हैं।

इसके अलावा दो दर्जन से अधिक सभाओं में राजद के अलग-अलग नेता सांसद मनोज झा, अब्दुल बारी सिद्दीकी, श्याम रजक, उदय नारायण चौधरी, कुमार सर्वजीत समेत अन्य भी मौजूद रहे हैं। निर्वाचन क्षेत्रों में जातीय समीकरण को ध्यान में रखते हुए मंच पर सहयोगी नेताओं की उपस्थिति तय की जाती है। बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सिर्फ एक सभा भागलपुर में हुई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की दो सभाएं हुई हैं। जबकि प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह की करीब 40 तथा लोजपा (रामविलास गुट) के प्रमुख चिराग पासवान की तीन दर्जन से अधिक सभा एवं जन-संपर्क अभियान हो चुका है। 50 दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 7 सभाएं बिहार के अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में हो चुकी हैं। केंद्रीय गृह मंत्र अमित शाह की 4, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की 4, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 5, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की दो सभा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की 20 से अधिक सभाएं एवं जनसंपर्क अभियान हो चुके हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की 85 से अधिक जनसभाएं एवं रोड-शो हो चुके हैं। वे भी शतक के करीब हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की 10 से अधिक सभाएं हुई हैं। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने इतने दिनों में 34 सभाएं और दो रोड शो कर चुके हैं। इसके अलावा सांसद संजय झा की 5 से अधिक और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी की भी करीब दर्जनभर सभाएं हो चुकी हैं। अधिकतर सभाएं मुख्यमंत्री के साथ हुई।

## धौंस नदी पर 20 हजार लोगों को चुनाव के बाद ब्रिज की सौगात



**मुजफ्फर, एजेंसी।** प्रखंड बेनीपट्टी एवं विधानसभा हरलाखी में विभक्त करहरा पंचायत की 20 हजार की आबादी को देश की आजादी के करीब 6.5 दशक बाद करहरा घाट की धौस नदी पर हाई लेवल ब्रिज की सौगात लोकसभा चुनाव के बाद मिलने जा रही है। दरअसल, करहरा घाट की धौस नदी पर 7.80 करोड़ रुपए की लागत से 116 मीटर लंबे पुल का निर्माण होगा। यह लंबे पुल भारत सरकार की योजना है। यहां पुल के लिए दशकों से लोग प्रतीक्षारत थे और इसकी मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं का संवैधानिक आंदोलन भी अनवरत चलता आ रहा था। संसद में भी इसकी मांग उठी। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बेनीपट्टी के सहायक अभियंता शिवानी कुमारी ने बताया कि इस लंबे पुल का निर्माण कार्य शुरू हो गया रहता। लेकिन, चुनाव आ जाने से कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। हालांकि, चुनाव के बाद कार्य शुरू हो जाएगा। चूंकि, इसका टेंडर भी फाइनल हो चुका है। जबकि इससे पूर्व यहां के पुल निर्माण का मामला कोर्ट में भी परिवाद दायर होने के कारण फंसा रहा। वहीं इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता रामाशीष पासवान ने बताया कि वे ड्यूटी कर अभी लौटे हैं और बहुत परेशान हैं। अभी कोई बात करने की स्थिति में नहीं हैं। जो भी बात होगी कल करेंगे। बता दें कि पश्चिम, उत्तर व दक्षिण दिशा में धौस नदी एवं पूरब दिशा में थुमहानी नदी से घिरी करहरा पंचायत के लोगों के गांवों से बाहर जाने-आने का सहारा साल के 12 महीने में 8 महीने धौस नदी का चचरी पुल और 4 महीने नाव ही रहता आया है। लेकिन, इस समस्या का समाधान पुल के बन जाने के बाद हो जाएगा। प्रत्येक साल चचरी पुल नदी में पानी बढ़ने के कारण बह जाती रही है। करहरा के ग्रामीण बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष बाढ़ का समय आने से पूर्व करहरा पंचायत क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं, विकलांगों, वृद्धजनों व बीमार लोगों को परिजनों द्वारा अपने गांवों से बाहर रिश्तेदारों के यहां पहुंचा दिया जाता है। ताकि, बाढ़ में फंसकर उनकी जान पर खतरा नहीं उत्पन्न नहीं हो।

कई बार तो बाढ़ के समय में नाव व एसडीआरएफ के वोट और बांध पर ही यहां की गर्भवती महिलाओं का प्रसव हो चुका है। करहरा पंचायत के लोग अपने पुत्र व पुत्री की शादी बाढ़ व बरसात के समय में तय नहीं करते हैं। लेकिन, किसी कारणवश इस समय में शादी तय भी हो जाती है तो सोइली से नाव पर सवार होकर दूल्हा व बाराती करहरा जाते-आते हैं। कई बार लड़की वाले वधु को लेकर शादी कराने बेनीपट्टी के बेहटा कालीस्थान आदि मंदिरों में आ चुके हैं। यहां पुल बनने के पश्चात लोग सीधे 1 किलोमीटर के महाराजी बांध की दूरी तय कर बसैठ स्थित हाईस्कूल व एपीएचसी के समीप डीकेबीएम सड़क पर ऊपर होंगे। इसके बाद लोग आसानी से बेनीपट्टी, मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी सहित कहीं का भी आवागमन कर सकेंगे। वहीं बसैठ, शिवनगर सहित इसके पश्चिमी क्षेत्र के लोग बेनीपट्टी व बनकट्टा नहीं जाकर पुल से सोहरौल जाकर सीधे सिद्धपीठ उच्चैठ भगवती स्थान का आवागमन भी कर पाएंगे। करहरा पंचायत का करहरा डीह टोला, बिचला टोला, पूरब टोला, दक्षिण टोला, पश्चिम टोला के अलावे अन्य दो टोला एवं सोहरौल, बिरदीपुर, सिमरकोण, हथियरबा, चानपुरा पश्चिम व सुंदरपुर टोला पूरी तरह से टापू में तब्दील है।

## भोजपुरी अभिनेत्री की संदिग्ध मौत की जांच के लिए एसआईटी गठित

**भागलपुर, एजेंसी।** आदमपुर में भोजपुरी अभिनेत्री अन्नपूर्णा उर्फ अमृता पांडेय की 27 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले की हर बिंदु पर जांच होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आने के बाद हड़कंप की स्थिति हो गई है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए एसएसपी आनंद कुमार ने सिटी एसपी राज के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर दिया है। जो मामले में हर बिंदु पर जांच करेगी।

एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर फिर से पूरक राय मांगी गई है। इसके लिए जेएलएनएमसीएच के फोरेंसिक मेडिसीन एंड टॉक्सोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष को अनुरोध किया गया है कि वे पैनल बनाकर रिपोर्ट का फिर से विश्लेशण करें। उस रिपोर्ट का फिर से अध्ययन किया जाएगा। इसके साथ ही एसआईटी को एक दर्जन से ज्यादा बिंदुओं पर जांच के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि इस मामले में मौत के कारणों के बारे में पता चल सके। मामले को लेकर एसएसपी ने कहा कि परिजनों के बयान पर शुरुआत में यूडी केस दर्ज कर लिया गया था, लेकिन इस मामले में सिटी एसपी से रिपोर्ट मांगी गई है। उनके रिपोर्ट आने के बाद यूडी केस को आगे की कार्रवाई के लिए बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी टीम भी एसआईटी के साथ रहेगी, जो कॉल डिटेल समेत अन्य बिंदुओं पर जांच करेगी।

## मुंगेर में ऑनर किलिंग, गला दबाकर नाबालिग की हत्या, मां-चाचा गिरफ्तार, पिता और दादा फरार



### 10 दिन बाद श्रीकृष्ण सेतु के पाया में लटकी मिली लाश

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर से ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टीकारामपुर धौताल महतो टोला का है। जहां प्रेम प्रसंग के कारण परिवार के सदस्यों ने ही 13 वर्षीय बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में मृतक किशोरी की मां और चाचा को गिरफ्तार किया है। वहीं, पिता और दादा की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने किशोरी की बॉडी शनिवार को श्रीकृष्ण सेतु के पाया में लटका हुआ बरामद किया है। शव 10 दिनों से पाया में ही फंसा था। 25 अप्रैल को परिवार वालों ने ही किडनैपिंग की स्नढ्ढक्रदर्ज कराई थी।

**पिता ने दर्ज कराया था अपहरण का मामला :** टीकारामपुर धौताल महतो टोला निवासी अनोज सिंह ने मुफस्सिल थाना में बेटी के अपहरण को लेकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया कि 25 अप्रैल की रात उसकी 13 साल की नाबालिग बेटी को गांव के ही राजीव कुमार बाइक पर बैठाकर भाग गया। सुबह उसके घर पर शिकायत करने गए तो रीता देवी, अंगद कुमार सहित अन्य लोग तलवार लेकर मारने दौड़े। हम लोग जान बचाकर वहां से भाग निकले। पिता अनोज सिंह के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

**जांच के दौरान ऑनर किलिंग की आशंका हुई :** वहीं, जब पुलिस गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने बताया कि 25 अप्रैल की रात अनोज सिंह का परिवार अपनी नाबालिग बेटी को ई-रिक्शा पर लाद कर कहीं ले जा रहा था। तब पुलिस को ऑनर किलिंग की आशंका हुई। खोजते हुए पुलिस उस ई-रिक्शा चालक तक पहुंच गई।

**टोटो चालक ने खोला राज :** टोटो चालक ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने उससे कहा कि बेटी की तबीयत खराब है। बेगूसराय इलाज के लिए ले जाना है। जब वह श्रीकृष्ण सेतु पर पहुंचा तो टोटो रोक कर बच्ची को पुल के नीचे फेंक दिया। साथ ही उसको धमकी दी थी कि वह किसी को कुछ नहीं बताएगा, नहीं तो अंजाम बुरा होगा।

**प्रेम प्रसंग की वजह से हत्या :** पुलिस ने किशोरी की मां रूणा देवी और चाचा गुलशन कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान रूणा देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी का पड़ोस के ही राजीव कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 25 अप्रैल की रात बेटी को राजीव के साथ परिवार वालों ने देखा, जिसके बाद पूरे परिवार ने मिलकर बेटी की गला दबाकर मार डाला। इसके बाद शव को टोटो पर लेकर गंगा में फेंक दिया।

### मां-चाचा गए जेल, पिता-दादा की तलाश में जुटी पुलिस

प्रशिक्षु आईपीएस सह मुफस्सिल थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन पर नाबालिग बेटी के अपहरण का मामला दर्ज किया था। जांच में पता चला कि यह अपहरण नहीं, बल्कि ऑनर किलिंग का मामला है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया है। पुलिस ने श्रीकृष्ण सेतु के नीचे एक पाया में बना क्रॉस से लटका हुआ बच्ची का शव बरामद किया। माता और चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, पिता और दादा की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी ने बढ़ाई परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख, 7 मई तक भर सकते हैं फॉर्म

**पटना।** पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी ने स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने की तिथि तीन दिन बढ़ा दिया है। कुलपति प्रो. आरके सिंह के निर्देश के बाद परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार ने अधिसूचना जारी कर दी। परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से 4 मई तक परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्धारित थी। इसके बाद भी कुछ छात्रों का परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सका है। अब लेट फाइन के साथ 7 मई तक तिथि विस्तारित किया गया है। च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत चार वर्षीय पाठ्यक्रम में वर्तमान में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से संभावित है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 100 रुपये लेट फाइन के साथ 7 मई तक अंतिम रूप से फार्म भरने की तिथि बढ़ाया गया हैं, इसके बाद किसी भी स्थिति में अवधि विस्तार नहीं होगा। पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में परीक्षा फॉर्म भरने में 75 प्रतिशत उपस्थिति को सख्ती से देखते हुए ही परीक्षा फॉर्म भरवाया जाएगा। राजभवन के निर्देश के आलोक में कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति पूरा बढ़ाने के लिए यह पहल किया जा रहा है। इसके लिए अब परीक्षा फॉर्म छात्र ऑनलाइन नहीं भरेंगे, बल्कि यह कॉलेजों के माध्यम से भरा जाएगा। इसके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से सभी कॉलेजों को उनके लॉग इन में लिंक दे दिए गए है। इसके तहत कॉलेज सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी अपना 75 प्रतिशत कक्षा में उपस्थित रहे है। इसके बाद उनके फॉर्म को भरवाते हुए वैलिडेशन करेंगे।



### गौरीचक में अपराधियों ने युवक को गोली मारी, इलाज के दौरान दम तोड़ा, 4 खोखा भी बरामद

**पटना।** पटना के गौरीचक में अपराधियों ने रविवार की सुबह एक युवक को गोली मार दी। लोगों ने इलाज के लिए पास के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद गौरीचक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से गोली के चार खोखे बरामद किए हैं। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा को खंगालने में जुट गई है। मृतक युवक की पहचान गोपालपुर निवासी विकास कुमार 28 वर्ष के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि कारणों का पुलिस पता लगाने में जुट गई है। गोपालपुर थाना क्षेत्र के श्रीपतपुर निवासी विकास कुमार उर्फ चोचो (28 वर्ष) रविवार की सुबह घर से निकाल कर अजीमचक के नजदीक पहुंचा था। बाइक से आए अपराधियों ने उस पर कई राउंड गोलियां चला दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से हथियार लहराते हुए फरार हो गए। गोलीबारी की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गौरीचक थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल विकास कुमार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस के द्वारा गोली के चार खोखे बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।



### पटना के स्लम बस्तियों में लोगों को किया जागरूक, अग्निशमन विभाग ने अगलगी से बचाव के बताए तरीके

**पटना।** पटना के आसपास कुछ दिनों से अगलगी की घटना बढ़ गई है। ऐसे में अग्निशमन विभाग लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। आग लगने पर क्या करें। बचाव के क्या तरीके हैं। इस संबंध में लोगों को जानकारी दी जा रही है। रविवार को अग्निशमन विभाग के इंस्पेक्टर अजित कुमार पूरे दलबल के साथ स्लम बस्तियों में पहुंचे। नुक्कड़ नाटक और संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आग लगने पर घबराएं नहीं। संयम से काम लें। इससे बचा जा सकता है। सतर्कता बेहद जरूरी है। बता दें, कि 25 अप्रैल को पटना के पाल होटल में भीषण आग लग गई थी। इस दौरान 8 लोगों को मौत हो गई थी, जबकि कई लोगों का अभी भी इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद होटलों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नियमों की अवहेलना पर पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। वहीं, शुक्रवार को बांस घाट इलाके में आग से 30 से ज्यादा घर जलकर राख हो गए। एक-एक कर 6 सिलेंडर में ब्लास्ट हुए। आग इतनी भयावह थी कि 2 किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 25 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।



### पटना में युवक को मारी गोली, हालत नाजुक, घर के पास बैठा था, बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**पटना।** पटना के बिहटा थाना इलाके के पतसा रोड में सह डॉ. मीरा झा किलनीक के पास घर के पास बैठे युवक को हथियार बंद बाइक सवार अपराधियों ने युवक को गोली मार कर घायल कर दिया है।गोलियों की आवाज और पीड़ित के द्वारा शोर मचाने पर जब तक घर के लोग बाहर निकल पाते तब तक बाइक सवार अपराधी हथियार लहराते फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया।घायल युवक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के शिव शक्ति नगर निवासी जयचंद्र शर्मा के संतोष कुमार के रूप में की गई है। संतोष कुमार घर के पास बैठा हुआ था।इसी दौरान एक बाइक पर तीन सवार हथियार बंद अपराधियों ने युवक पर अचानक से फायर करना शुरू कर दिया।किसी तरह से युवक भाग कर अपना जान बचाया साथ ही बताया जाता है,की युवक को एक गोली हाथ में लगी है। घटना की पुष्टि करते हुये बिहटा डीएसपी पंकज कुमार मिश्र ने कहा कि एक युवक को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई है।फिलहाल पीड़ित परिवार के तरफ से लिखित आवेदन आने के बाद आगे की करवाई किया जायगा.ऐसे सभी मामलों पर जांच किया जा रहा है।




### पाटलिपुत्र से AIMIM ने पूर्व आरजेडी नेता को दिया टिकट

**पटना।** पाटलिपुत्र संसदीय सीट से असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM ने पूर्व आरजेडी नेता फारूक राजा उर्फ डब्ल्यू को प्रत्याशी बनाया है। यहां से लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती आरजेडी से और बीजेपी से रामकृपाल यादव मैदान में हैं। फारूक राजा के चुनाव लड़ने से मुकाबला रोचक हो गया है। फारूक राजा ने कहा कि उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। 20 साल तक आरजेडी का झंडा ढोया हूं। 2 महीने पहले AIMIM में शामिल हुआ हूं। आरजेडी परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। वहां कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा था। जिसके बाद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी में आया हूं। उन्होंने आगे कहा कि पाटलिपुत्र से मीसा भारती दो बार चुनाव हार चुकी हैं। इस बार फिर से हारने जा रही हैं। आरजेडी के माई समीकरण का नारा पूरे बिहार में फ्लॉप हो चुका है। चुनाव जीतने के बाद मैं लोगों के बीच रहूंगा। उनकी समस्याओं को दूर करूंगा।

# आग से बचने के लिए सावधानी बरतना जरूरी

## पटना डीएम ने आम जनता से की अपील, अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश



एजेंसी, पटना।

पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने आम जनता से अग्नि सुरक्षा के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन करने की अपील की है। साथ ही आपदा प्रबंधन के पदाधिकारियों को आग लगने की घटना की सूचना पर निर्धारित समय सीमा के अंदर जरूरी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आम जनता से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अभी आग लगने की घटना बढ़ी हुई है। जून तक लोगों को जागरूक रहना जरूरी है। आज कल पछुआ हवा तेज गति से चल रही है। गांव में आग लगने से खेत, खलिहान, फसल और जान-माल की क्षति होती है। ऐसी स्थिति में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी उपाय करें। उन्होंने आगे कहा कि पटना जिला में अग्निशमन विभाग की 98 गाड़ियां काम कर रही हैं। 36 गाड़ियां 400 लीटर और 44 गाड़ियां 5,000 लीटर से अधिक क्षमता की है। साथ ही 3 हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म, 2 फोम टेंडर और 13 वॉटर वाउजर हैं। जिला में 10 फायर स्टेशन हैं। 6 शहरी क्षेत्रों में और 4 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। 10 अनुमडंल स्तरीय अग्निशामालय पदाधिकारी कार्यरत हैं।

### अधिकारियों को दिया गया निर्देश

1. आग लगने की सूचना मिलते एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचेंगे।
2. जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर रवाना करें। आवश्यकता अनुसार 101/112 और आपातकालीन संचालन केंद्र फोन नंबर 0612-2210118 पर सूचना दें।
3. गर्मी के दिनों में ग्रामीण इलाकों में अगलगी की घटनाओं की रोकथाम के लिए फायर ब्रिगेड के पदाधिकारी मुस्तैद रहेंगे।
4. पीड़ितों को नियम के अनुसार 24 घंटे के अंदर सहायता उपलब्ध कराएं। जैसे पॉलिथीन शीट, वस्त्र और बर्तन के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाए। घायलों के लिए इलाज की व्यवस्था के साथ मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि तुरंत दिया जाए।

***डीएम ने अगलगी से बचाव के लिए लोगों के बीच 'क्या करें, क्या नहीं करें' इसको लेकर संदेश जारी किया है।***

- बच्चों को माचिस या आग फैलाने वाले अन्य सामानों के पास से दूर रखें।
- चूल्हा, मोमबत्ती और कपूर जलाकर ना छोड़ें।
- अनाज के ढेर, फूस या झोपड़ीनुमा घर के पास अलाव और डीजल इंजन नहीं चलाएं।
- सार्वजनिक जगहों, में ज्वलन शील पदार्थ ना ले जाएं।
- कपड़े में अगर आग लग जाए तो दौड़ना नहीं चाहिए।
- खाना बनाने के समय ढीले-ढाले कपड़े ना पहनें।
- आग लगने की स्थिति में कभी भी लिफ्ट का प्रयोग नहीं करें।
- गैस की दुर्गंध आने पर बिजली के स्वीच को ना छुएं।
- खाना बनाने के बाद चूल्हे की आग को पानी से पूरी तरह बुझा दें।
- घर से बाहर जाते समय बिजली का स्विच जरूर ऑफ करें।
- गांव या मोहल्लों में पानी और बालू जमाकर के रखें। ताकि आग पर तुरंत काबू पाया जा सके। हर गांव में फायर बीटर्स, फायर टैंक, बाल्टी, रस्सी और कुल्हाड़ी के साथ साथ छोटे-छोटे अग्निशमन उपकरण सार्वजनिक जगहों पर रखने की व्यवस्था करें।

# पटना के मंदिरी मोहल्ले में ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट

एजेंसी, पटना।

**भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से लोग हुए परेशान, घंटों मशक्कत के बाद विभाग ने किया ठीक**

पटना के मंदिरी मोहल्ले में शनिवार देर रात ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने के कारण बिजली गुल हो गई। भीषण गर्मी में बिजली कटने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। मामले की जानकारी मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद ट्रांसफार्मर को ठीक किया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराने तार और पेड़ की छंटाई नहीं होने के कारण वायर टूट जाता है। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। वहीं, विभाग का कहना है कि जांच में ये पाया गया है लोड शंटिंग के कारण ऐसा होता है। पुराने तार को हटा दिया गया है। अब सुचारु रूप से बिजली की आपूर्ति की जा रही है। दरअसल, पटना के कई इलाकों में इन दिनों मेंटेनेंस और पेड़ की छंटाई का काम चल रहा है। लगातार मेंटेनेंस वर्क किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी जाती है।

## अनंत सिंह के घर पर AK-47 रायफल रखवा जेल भिजवाया, अखिलेश सिंह बोले-

# जेल से बाहर निकलवा कर अब वोट मंगवा रहे हैं

एजेंसी, पटना।

पूर्व विधायक अनंत सिंह की पैरोल पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इन्हीं लोगों ने अनंत सिंह को जेल भिजवाया था। साजिश के तहत उनके घर में AK-47 राइफल को रखवाया गया। क्योंकि उसे समय अनंत सिंह इन लोगों का विरोध करते थे। ऐसे समय में इन्हें पैरोल मिला है। यह तो बड़ा सवाल है। आज इन्हीं लोगों ने अपने उपयोग के लिए जेल से बाहर निकलवाया और वोट मंगवाने का काम कर रहे हैं। वहीं, लालू यादव ने ट्वीट करते हुए संविधान बदलने की बात कही थी। उसका बाद अखिलेश प्रसाद सिंह ने समर्थन करते हुए कहा कि लालू यादव बिल्कुल सही कह रहे हैं। आज हालात यह है कि एक मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेताओं की आवाज को एनडीए बंद करना चाहती है।



**तीसरे चरण में एनडीए को नहीं मिलने वाली सीटः** अखिलेश सिंह ने यह बातें सदाकत आश्रम में कही। इस दौरान विकासशील स्वराज पार्टी के नेता मुकेश सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कॉंग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अखिलेश सिंह ने कहा कि पहले दो चरण के चुनाव में बिहार में ऐसा माहौल है कि एनडीए को एक से दो सीट ही मिलने की संभावना है। किशनगंज कटिहार और भागलपुर में कांग्रेस बड़े अंतर से चुनाव जीतने जा रही है। वहीं तीसरे चरण के चुनाव के दौरान बीजेपी को एक सीट भी नही मिलेगी। उन्होंने आगे यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सभाओं में भीड़ बिल्कुल भी नहीं जुट रही है।

**पटना यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा देने के मुद्दा को उठायाः** अखिलेश सिंह ने कहा कि मैं पटना यूनिवर्सिटी का छात्र रहा हूं। जब से वहां पढ़ाई करता था। तभी से उसे सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा देने के लिए आंदोलन होते रहा है। नीतीश कुमार और लालू यादव लगातार संघर्ष करते थे। आज नीतीश कुमार के साथ डबल इंजन की सरकार है। लेकिन उसके बाद भी पटना यूनिवर्सिटी को आज तक सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा नही दिया गया इनके सभी वादे झूठे है।

# पटना में महिला से 1.50 लाख की ठगी, ओटीपी लेकर उड़ाए रुपए

## बैंक अकाउंट में मेल आईडी जोड़ने के लिए किया कॉल

एजेंसी, पटना।



पटना की रहने वाली एक महिला से साइबर ठगों ने 1.50 लाख रुपए की ठगी कर ली। महिला को ठगों ने काल कर बैंक अकाउंट में मेल आईडी जोड़ने को कहा। फिर महिला से ओटीपी लेकर खाते से पैसा गायब कर दिया। जिसके बाद साइबर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पटना कंकड़बाड़ थाना क्षेत्र के मुन्ना चक की रहने वाली प्रियंका कुमारी से साइबर ठगों ने ठगी कर ली। प्रियंका ने बताया कि 2 मई को मुझे 7585850602 से फोन आया। सामने वाले ने कहा कि मैं एक्सिक बैंक से बोल रहा हूं। आपके बैंक अकाउंट से आपका मेल आईडी नही जोड़ा गया है। आप बैंक आ कर इसको जुड़वा लीजिए। अगर आपको आने में दिक्कत हो तो मैं यहां से अपडेट कर देता हूं। धूप में ना निकलना पड़े इस लिए मैंने बात मान ली।

**2 बार में निकाले पैसेः** सामने वाले ने मुझे मेरा मेल आईडी मांगा जिसके बाद मुझे एक ओटीपी आया। मैंने दे दिया। उसके बाद मुझे बताया गया कि 12 घंटे में अपडेट हो जाएगा। शाम को मेरे मोबाइल पर दो मैसेज आया। एक मैसेज में 99,900 और दूसरे मैसेज में 49,900 रुपए कटने का मैसेज आया। शाम को बैंक बंद रहता है। मिनी स्टेटमेंट से पता चला की दो बार अलग अलग जगह मेरे खाते से पैसा ट्रांसफर किया हुआ है। अगले दिन मैं बैंक गई। बैक वालों ने कहा कि आपके साथ फ्रॉड हुआ है। आप थाना में जा कर मामला दर्ज करा दीजिए।

**जांच में जुटी पुलिसः** पटना साइबर थाना के डीएसपी सह थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रियंका कुमारी के आवदेन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रियंका ने जो नंबर दिया है, उस नंबर को ट्रैक किया जा रहा है। बैंक खुलने के बाद प्रियंका के खाते से पैसा किस खाते में ट्रांसफर किया गया है इसकी जानकारी ली जाएगी। उन दोनों अकाउंट डिटेल लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार के 12 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट

**पटना।** बिहार के कई जिले अभी भीषण गर्मी की चपेट में हैं। तेज धूप, लू और हीट वेव से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि, 6 मई से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।मौसम विभाग ने प्रदेश में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने आज 12 जिलों में लू का चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, अररिया, पूर्णिया, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज शामिल है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। हालांकि, पटना समेत उत्तर एवं दक्षिण बिहार के अन्य जिलों में हॉट-डे यानी लू की स्थित बनी रहेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 42.3 डिग्री तापमान के साथ बक्सर सबसे ज्यादा गर्म रहा। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग की ओर से 6 से 11 मई तक बिहार के कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ बूंदाबांदी और ठनका गिरने की आशंका जताई गई है। इसको लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है।

# अनंत सिंह बोले- ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे

एजेंसी, पटना।



**समर्थकों से जमकर मतदान करने को कहा, 15 दिन की मिली है पैरोल**

लोकसभा चुनाव के बीच मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार सुबह पैरोल पर जेल से बाहर आ गए हैं। उन्हें 15 दिन की पैरोल मिली है। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने दावा किया कि मुंगेर से एनडीए प्रत्याशी और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से जोरदार वोट करने को भी कहा है। बता दें कि एके-47 रखने के केस में पूर्व विधायक को 10 साल की सजा पटना की बेऊर जेल में काट रहे हैं। आज सुबह करीब 4.45 बजे वो जेल से बाहर निकले। जहां उनके समर्थकों की भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। जेल के बाहर आने पर अनंत सिंह का समर्थकों ने स्वागत किया है। बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे और जेसीबी से फूलों की बारिश की। समर्थक शेरे बिहार जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पटना से लेकर मोकामा के बीच भी कई जगहों पर स्वागत किया गया। इसी दौरान अपने समर्थकों से बात करते हुए उन्होंने ललन सिंह को लेकर बयान दिया। बता दें कि मुंगेर लोकसभा सीट पर 13 मई को होने वाली वोटिंग से पहले अनंत सिंह जेल से बाहर आए हैं। ऐसे वक्त में उनका जेल से बाहर आना बेहद अहम माना जा रहा है।

**जमीन बंटवारे को लेकर मिली पैरोलः** पारिवारिक बंटवारे को लेकर अनंत सिंह ने कोर्ट से पैरोल मांगी थी। 5 साल में पहली बार उन्हें पैरोल मिली है। अनंत सिंह के बाहर आने के दौरान जेल के बाहर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अनंत सिंह की पत्नी नीलम सिंह वर्तमान में मोकामा से विधायक हैं और फिलहाल एनडीए के साथ हैं।

# पाटलिपुत्र से 13 मई को नामांकन दाखिल करेंगी मीसा

एजेंसी, पटना।

पाटलीपुत्र संसदीय सीट से आरजेडी प्रत्याशी मीसा भारती 13 मई को नामांकन दाखिल करेंगी। बेली रोड स्थित लालू गौशाला में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी है। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेजस्वी यादव, रामानंद यादव समेत पार्टी के नेता मौजूद रहे। हालांकि स्थानीय विधायक रितलाल यादव कहीं नजर नहीं आए। मंच पर उनके भाई पिंकू यादव जरूर दिखे। तेज प्रताप यादव ने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी जिस तरह से कार्यकर्ताओं का हुजूम दिख रहा है। इसे देखकर लगता है हमारी बहुत बड़ी जीत होती। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनना तय है। इस बार भाजपा का सूफड़ा साफ हो जाएगा। मीटिंग में बूथ लेवल को कैसे मजबूत किया जाए। दो बार से मिल रही हार को इस बार जीत में कैसे बदला जाए। उसके लिए प्लेटफॉर्म तैयार करने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को चुनाव से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। मीसा भारती के स्वागत में कुछ कार्यकर्ता ढोल-बाजे के साथ पहुंचे थे।



- कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, तेज प्रताप बोले- भाजपा का सूफड़ा साफ होना तय

# निगम को अप्रैल महीने में 11.76 करोड़ मिला राजस्व

एजेंसी, पटना।




- पिछले साल से 5.35 करोड़ रुपए ज्यादा, घर बैठे होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने वालों की संख्या बढ़ी

प्रोपर्टी टैक्स में 5 प्रतिशत की छूट का लाभ लेते हुए आम जन टैक्स का भुगतान कर रहे है। संपत्ति कर एवं कचरा शुल्क के रूप में पटना नगर निगम को इस वर्ष सिर्फ अप्रैल में ही 11.60 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई है। यह कुल 44,417 सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों से प्राप्त हुई है। वहीं, पिछले वर्ष 6.25 करोड़ का राजस्व आया था। यानी की इस साल पिछले साल के अप्रैल से 5.35 करोड़ रुपए ज्यादा राजस्व आए हैं।

**पिछले साल अप्रैल महीने में 6.25 करोड़ का आया राजस्वः** अप्रैल 2024 में कुल होल्डिंग्स 44,417 हैं, जिसमें 11.76 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है। ऑनलाइन जमा करने वाले संस्थान 25,632 हैं और ऑनलाइन जमा की गई राशि 5.54 करोड़ रुपए है। इसके अलावा पिछले साल अप्रैल 2023 में कुल होल्डिंग्स 19,778 थी, जिसमें 6.25 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई। पिछले साल ऑनलाइन जमा करने वाले संस्थान 7581 थे और ऑनलाइन जमा की गई राशि 1.91 करोड़ रुपए थी।

**ऑनलाइन भुगतान करने वाले लोगों की बढ़ी संख्याः** संपत्ति कर का भुगतान करने वाले लोगों में ऑनलाइन भुगतान करने की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। आम लोग अब घर बैठे ही संपत्ति कर का भुगतान निगम के विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाते हुए कर रहे है। पिछले वर्ष 38 प्रतिशत लोगों ने संपत्ति कर का भुगतान ऑनलाइन किया था वहीं इस वर्ष 58 प्रतिशत पहुंच चुका है।

**घर बैठे क्यूआर कोड के जरीए कर सकते हैं भुगतानः** पटना नगर निगम द्वारा पहली बार क्यूआर कोड लगे हुए डिमांड वार्डो में भेजे गए है। नगर निगम कर्मी घर- घर जाकर आम लोगों से प्रोपर्टी टैक्स का भुगतान करवाएंगे। यह डिमांड हर व्यक्ति के टैक्स के अनुसार तैयार किया गया है। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही लोगों को अपनी बकाया राशि की जानकारी मिल जाएगी। इसके बाद ऑनलाइन किसी भी एप (फोन पे, गुगल पे एवं पेटीएम) के माध्यम से भुगतान कर सकते है। इसके साथ ही पटना नगर निगम की बेवसाइट एवं टैक्स काउंटर (सुबह 9 से 7) की सुविधा दी गई है। गौरतलब है कि आमजन 30 जून तक संपत्ति कर के इस छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# क्या एन डी ए के चुनावी फ़ायदे के लिये अनंत सिंह को पैरोल मिली

चाणक्यभूमि

पैरोल कोई नया शब्द नहीं है पहले भी देखा गया है राम रहीम जैसे अपराधी किसी ना किसी बहाने चुनावी समर में पैरोल पर बाहर आते रहते है ऐसा देखा गया है कि अक्सर चुनाव के समय में राम रहीम जैसे अपराधियों को पैरोल मिलती रही है। हालाँकि न्यायालय के फैसले पर उंगली उठाना कतई सही नहीं है परंतु बिहार मे चुनावी माहौल में अनंत सिंह को पैरोल मिलना जबकि उनकी पत्नी खुद चुनाव लड़ रही है कहीं ना कहीं एन डी ए के गुप्त एजेंडे की ओर इशारा करता है। हालाँकि



उन्होंने कोर्ट से पैरोल माँगने की वजह पारिवारिक बंटवारा बताया है लेकिन बाहर आने के बाद उन्होंने दावा किया कि मुंगेर से एनडीए प्रत्याशी और जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह 5 लाख वोट से जीतेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से जोरदार वोट करने को भी कहा है।अनंत सिंह मोकामा 5 बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है। हालाँकि अनंत सिंह भी नीतीश की तरह कई बार पाला बदलते रहे है परंतु इस बार वो एन डी ए के साथ है। मुंगेर में भी लोकसभा चुनाव के लिये मतदान 13 मई को होना है और वहाँ से ललन सिंह चुनावी मैदान मे है और राजद की तरह से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी चुनाव में खड़ी है शायद अशोक महतो जैसे बाहुबली को टक्कर देने के लिये है ऐसे समय मे अनंत सिंह को बाहर लाकर भाजपा नीतीश सरकार मुंगेर के किले को फतेह करना चाहती है।

# बगहा में भूमि विवाद में मारपीट दो घायल

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

चंपारण में भूमि विवाद कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। आज पुनः बगहा के टेगराहा पुल के पास भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमे दो व्यक्ती बुरी तरह घायल हो गये घायलों की पहचान प्रदीप यादव और रेनू देवी है और दोनों रिश्ते में पति पत्नी है। दोनों घायलों को परिजनों द्वारा इलाज के लिए बगहा अनु-मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उनकी स्थिति गंभीर लेकिन खतरे से बाहर बतायी जा रही है। घायलों के परिजनों द्वारा बताया गया कि नंदलाल यादव और कमलेश यादव से भूमि विवाद को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है।



इसके बावजूद भी उनके द्वारा भूमि को लेकर बार-बार मारपीट कर रहें हैं। एक साल पहले भी इसी जमीन पर मारपीट हुई थी जिसमे घायल प्रदीप यादव की माँ की मौत हो गई थी परंतु विरोधियों द्वारा अपनी दबंगई में किसी प्रकार की कोई कमी लायी गई। पुलिस द्वारा बताया गया कि घटना की सूचना मिली है और आवेदन का इंतजार किया जा रहा है आवेदन मिलने पर कारवाई की जाएगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में भाकपा माले नेताओ का जन संपर्क अभियान तेज

चाणक्यभूमि बेतिया

इंडिया महागठबंधन के पश्चिम चंपारण से कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के लिए जन संपर्क अभियान के तहत भाकपा-माले नेताओं ने बैरिया और नौतन प्रखंड के बैरिया,तिलंगही, बैरा,परसौनी,डबरिया,तेल्हुआ,बिनटोली ,सहनी टोला आदि गांवों में बात कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने का आह्वान किया। लोगों को संबोधित करते हुए माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि इंडिया महागठबंधन की सरकार की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां, खाली पदों पर बहाली,हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रूपया, किसानों को एम एस पी की गारंटी, क़र्ज़ माफी,किसानी के लिए जरूरी हर चीज़ से जी एस टी हटाने की गारंटी होगा। नवीन कुमार ने कहा आर्थिक, सामाजिक गणना



कर सामाजिक, आर्थिक समानता लाने का प्रयास होगा। सुरेंद्र चौधरी ने कहा संवैधानिक संशोधन कर आरक्षण का दायरा बढ़ाया जाएगा। भ्रमण कार्यक्रम में मंगल चौधरी, अशोक मुखिया आदि मौजूद थे।मुखिया मुखिया, अनील सिंह मौजूद थे।

## सलमान खान फायरिंग मामले में पूछताछ के लिये गये छह युवक वापस लौटे

चाणक्य भूमि बेतिया

फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग जैसे हाई प्रोफाइल मामले में जिन छह युवाओं को पूछताछ के लिए मुंबई पुलिस द्वारा ले जाया गया था। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सभी से पूछताछ के बाद कागजी प्रक्रिया कर छोड़ दिया गया है। जिसके बाद सभी युवक आज अपने घर लौट आये है। आपको बता दें कि 23 अप्रैल को मुंबई पुलिस ने पश्चिमी चंपारण के मसही गांव से इन युवकों को पूछताछ के लिये मुंबई ले गई थी। शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता से इनके संबंधो की जाँच करने के लिये इन्हें मुंबई ले गई थी और जाँच पूरी होने के बाद इन्हें छोर दिया गया था । जिसके बाद सभी युवक आज अवध एक्स्प्रेस से वापस लौट आये।

## बकरी चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौपा

चाण्क्य भूमि मझौलिया

रविबार को नानोसती मझौलिया मुख्य मार्ग स्थित सतभीड़वा में नथु पासवान के घर के पास बाइक पर सवार दो युवक बकरी चोरी कर भाग रहे थे,तभी ग्रामीणों ने बाइक से पीछाकर चीनी मिल गेट के समीप पकड़ा।ग्रामीणों ने जमकर दोनो चोरों की जमकर धुनाई की और मझौलिया पुलिस को सौपा। चोरों की1 पिटाई पिटाई का वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हो गया है। दोनों युवकों की पहचान पूर्वी चम्पारण के पहाड़पुर थाना अंतर्गत दुधियावा सरेया बाजार स्थित केदार साह का पुत्र मिथलेश कुमार एवं रघुनाथ गिरी का पुत्र सिंकू गिरी के रुप में हुई है।जब्त ग्लैमर बाइक का रजिस्ट्रेशन नम्बर बी.आर जीरो 5 ए 4738 है। बकरी मालिक नथू पासवान ने बताया कि कड़ी धूप के कारण वेलोग घर मे सोये थे।।तभी बाइक पर सवार होकर दोनो युवक आये आए और बकरी बाइक पर लाद भागने लगे।

## पाँच लीटर देशी चुलाई शराब समेत एक धंधेबाज गिरफ्तार



चाणक्यभूमि

**मैनाटांड़** । इनरवा पुलिस ने शनिवार को गस्ती के दौरान कुल पाँच लीटर देशी चुलाई शरा और के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की इंडो नेपाल बोर्डर पाँच लीटर देशी चुलाई शराब के साथ शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सर्वेश कुमार साकिन बरवा परसौनी थाना इनरवा जिसे प्रथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मैं चुनाव नहीं लड रहा जनता लडा रही है मैं एक जरिया हुए जनता कि सेवा करने का उनके दुख सुख का साथी हुं चुनाव जनता जितेगी

चाणक्यभूमि बेतिया

बेतिया। उन्होंने जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के समक्ष दाखिल किया नमिनेशन राजद प्रत्याशी दीपक यादव ने किया प्रेस वार्ता में कहा कि मेरा लड़ाई किसी से नहीं है मुझे जनता उमिदवार बनायी है जो भी प्रत्याशी लोग हैं चुनाव लड़ रहे हैं मेरा जीत जनता कि जित है अपार मतों से जनता जितेगी मैं एक माध्यम होउंगा जो उनके बातों को देश के विभिन्न सरकारी सदन के पटल पर रखुंगा और जिरो ग्राउंड पर सही से काम कराऊंगा तथा बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा पिछे के लोग आखिर क्या किये है जो आज तक मुल भुत आवश्यकता से कोसों दुर है क्षेत्र के विकास कार्य इस बार बदलाव करने जा रही है बाल्मिकी नगर कि जनता और महागठबंधन के कार्यकर्ताओं कि जित होगी और इस बार पुरा मन बना लिया है यहां के लोग हम शुक्रगुजार हैं कि हमें इस लायक यहां के देवतुल्य जनता हमें यह मानती है कि हम इनके विश्वास पर खरा उतरेंगे। यह भरोसा ही हमारे लिए काफी है बाल्मिकी नगर लोकसभा क्षेत्र संख्या 01 के राजद प्रत्याशी दीपक यादव ने प्रेस वार्ता किया जिसमें प्रत्रकारो ने प्रश्न किया जिसमें नई सोच एक्सप्रेस संवाददाता ललित मोहन झा ने पुछा कि क्षेत्र में लोगों के बिच बातें चल रही है कि बाहरी बनाम लोकल तो कहे कि कौन बाहरी और कौन लोकल हम तो बगहा नरईपुर में पिछले कई वर्षों से निवास करते हैं तो रही हमारा सब कुछ है और सब हमारे है और हम



• **बाल्मीकि नगर लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी दीपक यादव ने दलबल के साथ गुरुवार को बेतिया स्माहरणालय पहुंच**

सब के है तो बाहरी और लोकल क्या मैना जानु मैं तो बस इतना जानु कि सब के हम हमारे सब कोई दुसरा प्रश्न यह रहा कि आप पहले भाजपा में थे अब राजद में भाजपा से पहले बहुजन में थे समाज का सेवा करना है तो आप ऐसे ही कर सकते हैं तो कहे कि क्या हम वह कर सकते हैं जो सरकार कि सिस्टम कर सकती हैं नहीं न हां हम अपने निजी रुप से थोड़ी बहुत मदद कर सकते हैं जो हम करते रहे हैं दुख सुख के साथी थे है आगे भी रहेंगे लेकिन क्या जो आज हालात देखने को मील रहा है वह सही है दियरावर्ती क्षेत्र हो या दोन,या सिमावर्ती क्षेत्र या अन्य किसानों वर्ग के हालात बहुत नजदीक से हमने देखा है कई बार उनसे बातें करने में आपकी आंखों नमन हो जायेगे मुझे अपना बेटा ,भाई, चाचा,भतिजा न जाने क्या क्या नहीं मानते इस लिए इस बार वह हम पर भरोसा कर अपना किस मत अजमा रहे हैं।हमारी जित होगी उनका भरोसा है जहां तक बात है पार्टियों कि तो कार्यकर्ता और जनता ने कहा कि चुनाव लडना चाहिए तो लड़ रहे हैं।

# विश्व कार्टूनिस्ट दिवस पर " राष्ट्रीय कार्टूनिस्ट अमरेन्द्र" हुए सम्मानित



चाणक्यभूमि

**फतुहा**। रविवार को स्टेशन रोड स्थित होमियोपैथी अस्पताल के प्रांगण में पत्रकार एवं होमियोपैथी चिकित्सक डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह ने विश्व कार्टूनिस्ट दिवस पर " राष्ट्रीय स्तर केक्षकार्टूनिस्ट अमरेन्द्र" को अंगवस्त्र, डायरी और कलम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह ने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है हमारे शहर में एकमात्र व्यंग्य चित्रकार कार्टूनिस्ट अमरेन्द्र है। जिनका कार्टून देश-विदेश के पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुका है और सम्मान भी मिला। वहीं कार्टूनिस्ट अमरेन्द्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह का आभार व्यक्त किया और कहा कि कार्टूनिस्ट हर तरह के विषयों पर चुटिला व्यंग्य चित्र बना कर आइना पेश करता है। वहीं जिसके मनमुताबिक कार्टून नहीं बना हो उस व्तियक्ति , पार्टी के कोपभाजन का शिकार भी बनता है। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर विकाश कुमार गुप्ता, अरूण पटेल आदि मौजूद रहे।

# टाटानगर जमशेदपुर में बंधुआ मजदूर धनबाद गोविंदपुर साधोबाद निवासी रुपलाल महतो के परिजनों ने घर वापसी के लिए रंजीत कुमार महतो से लगाई गुहार

चाणक्यभूमि

धनबाद। धनबाद जिले अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा क्षेत्र के ख़ास करके ग्रामीण क्षेत्रों के पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगारों को ठिकेदार बिचौलियों के द्वारा बंधुआ मजदूर बना कर ख़बरें आतें रहते हैं ताज़ा मामला प्रकाश में आया है कि धनबाद जिले अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा थाना क्षेत्र खरनी पंचायत के साधोबाद के रुपलाल महतो उम्र लगभग 24 वर्ष और उनके साथ आस पास के कई बेरोजगार शिक्षित युवाओं को ठिकेदार बिचौलियों के द्वारा अच्छे वेतन का प्रलोभन देकर टाटानगर जमशेदपुर के घाटशिला क्षेत्र मेसर्स रीया इंटरप्राइजेज व रोयल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक नन बैंकिंग नेटवर्किंग कंपनी ले जाया गया ज्योनिंग के नाम पर



पंद्रह हज़ार रुपए सभी से लिया गया बंधुआ मजदूर के परीजनों पिता शनिचर महतो और उनके माता के द्वारा कहा गया कि उनके बेटे रुपलाल महतो के साथ साथ आस के कई युवाओं को बंधक बना लिया गया है घर भी आने नहीं दिया जा रहा है और ना ही वेतन दिया जा रहा है वहां पर बंधुआ मजदूर साधोबाद के एक लड़की किसी तरह भागकर साधोबाद गांव पहूंचकर आपबीती परीजनों को बताई, ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो साधोबाद जाकर परीजनों से सभी प्रकार की समस्याओं से अवगत हुए और त्वरित धनबाद जिला प्रशासन, जिला प्रवासी नियंत्रण कक्ष और श्रम अधिक्षक धनबाद और जमशेदपुर जिला प्रशासन को सूचना देकर साधोबाद गांव के बंधुआ मजदूरों को अतिशीघ्र सकुशल घर वापसी के लिए आग्रह किया गया।

## बेतिया पुलिस द्वारा शनिवार को की गई कार्यवाही का विवरण

चाणक्यभूमि

बेतिया पुलिस द्वारा दिनांक 04.05.2024 दिन शनिवार को विभिन्न कांडों में कुल 15 गिरफ्तारियां की गई है जिसमें एक हत्यारोपी भी शामिल है। इसके साथ ही पुलिस ने पाँच लीटर देशी शराब एवं 01 मोटरसाइकिल जप्त किया है । इसके अतिरिक्त बेतिया जिला पुलिस द्वारा दिनांक-04.05.2024 को अपराध नियंत्रण एवं निवारण के क्रम में वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन के विरुद्ध दंड स्वरूप कुल 1,63,500 का चालान काटा है।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714